कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा ।

संख्या 321 /उप- नाजिर, दिनांक : 01.09.17

-:साईकिल स्टैण्ड नीलामी सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय गोण्डा परिसर में दोपहिया वाहन एवं साईकिल स्टैण्ड की नीलामी **(नीलामी की बोली के अन्तिमीकरण से दिनांक 31.03.2018 तक की अवधि के लिए)** दिनांक 12.09.2017 को सार्वजनिक नीलामी प्रकिया द्वारा जनपद न्यायालय गोण्डा के मीटिंग हाल में समय 3–00 बजे दोपहर नीलामी समिति के समक्ष होनी है । बोली बोलने वाले व्यक्ति/ठेकेदार को बोली बोलने से पूर्व रूपया–15,000/– नकद जमानत राशि के रूप में नजारत अनुभाग में उप–नाजिर के पास जमा करनी होगी ।

साईकिल स्टैण्ड का ठेका प्राप्त करने वाले व्यक्ति/ठेकेदार द्वारा साईकिल स्टैण्ड हेतु जनपद न्यायालय परिसर में साईकिल स्टैण्ड हेतु निर्धारित स्थल पर ही साईकिल स्टैण्ड लगाया जा सकेगा तथा यह साईकिल स्टैण्ड प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 9–00 बजे से सायं 5–30 बजे तक की अवधि के लिए होगा। साईकिल स्टैण्ड पर खड़े किये जाने वाले दोपहिया वाहन अथवा साईकिल के खड़े किये जाने हेतु उनकी दर सूची ठेकेदार साईकिल स्टैण्ड पर सुलभ दृष्य स्थल पर लगाना होगा साईकिल स्टैण्ड पर खड़े किये जाने वाले दोपहिया वाहन अथवा साईकिल के बारे किसी भी प्रकार के वाद विवाद का वास्ता या सरोकार जनपद न्यायालय गोण्डा प्रशासन का नही होगा ।

किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा को होगा।

01/09/17

प्रभारी अधिकारी (नजारत)/
विशेष न्यायाधीश ई0सी0 ऐक्ट,
गोण्डा ।